>

Ttile: Regarding dilapidated condition of N.H. 15 between Arjansar and Mahajan in Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति जी, आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। अभी मैं कई माननीय सदस्यों को सुन रहा था, मुझे लगता है कि एनएचएआई में ढंग से काम नहीं हो रहा है। मैं एनएच-15 की बात कर रहा हूँ जो राजस्थान, पंजाब और गुजरात आन-जाने का महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग है। अर्जुनसर से महाजन तक 20-25 किलोमीटर की सड़क की बात कर रहा हूं जो कि विगत दो सालों से टूटी हुई है। उसमें गड्ढे पड़ गए हैं और वाहनों की स्पीड 25-30 किलोमीटर प्रति घंटा की रह गई है।

मान्यवर, यह बहुत व्यस्त रूट है और इसमें वाहनों की आवाजाही इतनी है कि एक्सीडेंट की संख्या बढ़ गई है और वाहनों का मेंटेनेंस भी बढ़ गया है। आने-जाने में समय ज्यादा लगता है। मैं एक और चीज़ आपके ध्यान में लाना चाहता हूँ कि महाजन, बीकानेर, लालगढ़ और साधुवाली में आर्मी का बेस है। मैं वहां एक शादी समारोह में गया था जहां जनता ने मुझे रोक लिया और कहा कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग दो साल से ठीक नहीं हो रहा है और आप क्या कर रहे हैं। अभी राष्ट्रीय राजमार्ग का मुद्दा गणेश सिंह जी ने भी उठाया है। मैं सरकार से मांग करता हूँ कि यह एक बहुत महत्वपूर्ण राजमार्ग है इसलिए जल्दी ठीक कराया जाए।

MR. CHAIRMAN:

Shri P.L. Puna is associating with the matter raised by Shri Arjun Ram Meghwal.